जैव विविधता पर हुई प्रतियोगिता

पटना। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की ओर से सोमवार को संजय गांधी जैविक उद्यान में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम हुआ। इसमें जैव विविधता पर चित्रकारी व फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं को तीन समूह में बांटकर प्रतियोगिता कराई गई।

मौके पर बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के सचिव डॉ. के गणेश कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक विकास के सीपी खंडूजा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सह मुख्य वन प्राणी प्रतिपालक प्रभात कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह और संजय गांधी जैविक उद्यान के निदेशक सत्यजीत कुमार, रेंजर आनंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

संजय गांधी जैविक उद्यान पटना में जैव विविधता प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। प्रतियोगिता के विजेताओं को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने सम्मानित किया।